प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

19 मई 2025

## भारतीय रिज़र्व बैंक ने एमिरेट्स एनबीडी बैंक पीजेएससी, यूएई को भारत में पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी (डब्ल्यूओएस) स्थापित करने के लिए "सैद्धांतिक" मंजूरी दी

भारतीय रिज़र्व बैंक ने "भारत में विदेशी बैंकों द्वारा पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी (डब्ल्यूओएस) स्थापित करने की योजना" के अंतर्गत एमिरेट्स एनबीडी बैंक पीजेएससी को भारत में डब्ल्यूओएस स्थापित करने के लिए "सैद्धांतिक" मंजूरी देने का निर्णय लिया है।

एमिरेट्स एनबीडी बैंक पीजेएससी वर्तमान में चेन्नई, गुरुग्राम और मुंबई में स्थित अपनी शाखाओं के माध्यम से भारत में शाखा मोड में बैंकिंग कारोबार कर रहा है। बैंक को भारत में अपनी मौजूदा शाखाओं के रूपांतरण के माध्यम से डब्ल्यूओएस स्थापित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है।

भारतीय रिज़र्व बैंक, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22(1) के अंतर्गत एमिरेट्स एनबीडी बैंक पीजेएससी को डब्ल्यूओएस मोड में बैंकिंग कारोबार शुरू करने के लिए लाइसेंस देने पर विचार करेगा, बशर्ते कि बैंक ने "सैद्धांतिक" मंजूरी के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित अपेक्षित शर्तों का अनुपालन किया हो।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/369**